Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to take steps to increase the height of Beesalpur dam in Rajasthan for water reserves.

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार और जल शक्ति मंत्री जी से निवेदन करना चाहूँगा कि राजस्थान प्रदेश में पेयजल की विकट समस्या है । गत वर्ष में प्रदेश के कई जिलों में सूखा पड़ा है तो कहीं अतिवृष्टि हुई है । अतिवृष्टि के समय वर्षा के पानी का समुचित भंडारण न होने के कारण सम्पूर्ण पानी व्यर्थ बह जाता है । अबकी बार बीसलपुर बांध के गेट 64 दिन तक खुले थे । वह पानी चम्बल नदी से होते हुए बंगाल की खाड़ी में चला गया ।

महोदय, इसलिए मेरा निवेदन है कि गत 20 वर्षों में 7 वर्ष, 2001, 2004, 2006, 2010, 2014, 2016 और वर्ष 2019 में वर्षा हुई है और इसकी भंडारण क्षमता 38.70 टीएमसी है, जबकि उसमें पानी इतना आ जाता है और उससे बहुत बड़ी समस्या खड़ी हो जाती है ।

मेरा निवेदन है कि या तो बीसलपुर डेम की एक मीटर ऊँचाई बढ़ाई जाए, या वहाँ ईसरदा बांध है, वह बांध बनाया जाए ताकि पीने के पानी की समस्या हल हो सके । धन्यवाद ।